Dainik Jagran
Page No : II (Gzb.) Date: 18 May 2019

# छात्र-छात्राओं व प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया



आइटीएस कालेज में छात्रा को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ●

**संस, मुरादनगर** : दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित आइटीएस में शुक्रवार को 12 वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर पाने वाले छात्र-छात्रों के सम्मान मे समारोह आयोजित किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल व रिटायर्ड आईएएस अधिकारी वीके पंवार ने किया। समारोह में मोदीनगर व मुरादनगर के 30 से अधिक विद्यालयों के 365 छात्रों व तीन स्कूल प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों ने कठिन परिश्रम कर अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

# Hindustan (Hindi)

**Page No. 23 (Gzb)** **Date. 18th May 2019**

## मेधावी छात्र सम्मानित

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को बारहवीं पास मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मोदीनगर, मुरादनगर के तीस से अधिक कॉलेज के 365 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व आईएएस वीके पंवार ने छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 02 (Gzb)    Date. 18th May 2019

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस डेंटल कॉलेज में 12वीं में अच्छे अंक से पास होने वाले छात्र-छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें 30 से अधिक विद्यालयों के 365 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि आईएएस अधिकारी वीके पंवार ने सम्मानित किया। शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा, पीआर सुरेंद्र सूद और डॉ. विद्या सीकरी मौजूद रहे।